# अध्याय 5
# एमएस पिक्चर मैनेजर


माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पिक्चर मैनेजर एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है, जो कि माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस सुइट के 2003 संस्करण से शुरू होकर 2010 संस्करण के साथ शामिल हैं। यह अब ऑफिस 2013 संस्करण और उसके बाद के संस्करण मे शामिल नहीं है। इसने माइक्रोसॉफ्ट फोटो एडिटर की जगह ले ली, जोकी ऑफिस 97 के बाद से माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस एक्स–पि तक माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस सुइट के साथ शामिल किया गया था। माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पिक्चर मैनेजर से आप आसानी से अपने फोटो को ब्राउज/व्यवस्थित, क्राप, आकार बदलना, घुमाना, फिलप, पिक्चर को विभिन्न प्रारूपों के बीच कन्वर्ट, रंग परिवर्तन, ब्राइटनेस, ह्यु, कंट्रासट, और सैचुरैशन सहित आटोमेटिक एड्जस्टमेंट्स कर सकते हैं। इसके फीचर्स आसानी से उपयोग होने वाले है जैसे, एक क्लिक करके इमेज कम्प्रेशन और उपयोगकर्ता के स्वयं के पसंद अनुसार आकार बदलना। यह तथापि, किसी भी प्रकार का वास्तविक चित्रकारी या टेक्स्ट–एडिटिंग टूल्स प्रदान नहीं करता है। आप अलग अलग तरीकों में अपने पिक्चर मैनेजर प्रोग्राम को प्रारंभ कर सकते हैं। एक रास्ता स्टार्ट बटन का उपयोग करके निम्न प्रकार से है:

चरण 1: स्क्रीन के निचले–बाएँ कोने में टास्क–बार में **स्टार्ट** बटन पर क्लिक करें


चरण 2: मेनू से **आल प्रोग्राम** विकल्प पर क्लिक करें

चरण 3: प्रोग्राम्स की सूची से **माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस** का चयन करें

चरण 4: **माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस टूल्स** क्लिक करें और फिर **माइक्रोसॉफ्ट पिक्चर मैनेजर** पर क्लिक करें



यह माइक्रोसॉफ्ट पिक्चर मैनेजर एप्लीकेशन लॉन्च करेगा और निम्न पिक्चर मैनेजर विंडो दिखाया जाएगा।




## 5.1 पिक्चर खोलना

माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पिक्चर मैनेजर आपको अपने कंप्यूटर या किसी नेटवर्क स्थान पर संग्रहीत तस्वीरों को ढूढने में मदद करता हैं, और ऑफिस पिक्चर मैनेजर स्वत: पिक्चर शॉर्टकट बनाता हैं ताकि आप अपनी पिक्चरों का और अधिक आसानी से पता लगा सके। इसमें लोकेट पिक्चर्स फीचर होता है जो आपको शक्तिशाली खोज (पावरफुल सर्च) के साथ अपने पिक्चरों को खोजने मे सक्षम बनाता है। जब आप पिक्चर मैनेजर खोलते हैं तो यह स्वचालित रूप से आपके कंप्यूटर पर माय पिक्चर्स फोल्डर और अन्य सबफोल्डर्स प्रदर्शित करता है। आप अतिरिक्त पिक्चर शॉर्टकटस् सूची में जोड़ सकते हैं, ताकि आप अपने कंप्यूटर पर किसी भी पिक्चर का उपयोग कर सकें। पिक्चर मैनेजर में एक पिक्चर को खोलने और संपादित करने के लिए, निम्नलिखित चरणों का उपयोग करें:

स्टार्ट बटन से आल प्रोग्राम, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस टूल्स पर जाए और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पिक्चर मैनेजर क्लिक करें


चरण 1: **एड पिक्चर शॉर्टकट** पर क्लिक करें

चरण 2: फोल्डर जिसमें आपकी पिक्चरस् हैं को खोजने के लिए ब्राउज करें

चरण 3: **एड** पर क्लिक करें

चरण 4: नया फोल्डर सूची में दिखाई देगा

चरण 5: इच्छित पिक्चर को खोलने के लिए डबल क्लिक करें




## 5.2 पिक्चर की प्रॉपर्टीज ढूँढना


पिक्चर की प्रॉपर्टीज मे उसका प्रकार, डाइमेंशन्स, आकार, समय जब बनाई गई हैं और अंतिम संशोधित समय, स्थान आदि शामिल होते हैं। आप निम्नलिखित चरणों का उपयोग करके पिक्चर प्रॉपर्टीज ढूँढ सकते हैं:


चरण 1: इच्छित पिक्चर का चयन करें, जिसकी प्रॉपर्टीज का पता करना हैं

चरण 2: **फाइल** मेनू में **प्रॉपर्टीज** पर क्लिक करें

वैकल्पिक रूप से, पिक्चर पर राइट क्लिक करें और पॉपअप मेनू में **प्रॉपर्टीज** पर क्लिक करें

चरण 3: स्क्रीन के दाईं ओर पिक्चर की प्रॉपर्टीज दिखाई देगी








## 5.3 ऑटो करेक्ट

पिक्चर मैनेजर की ऑटो करेक्ट सुविधा स्वचालित रूप से रंग, ब्राइटनेस (समग्र पिक्चर की लाइटनेस/डार्कनेस) और कंट्रासट (पिक्चर में लाइट्स और डार्क्स के बीच अंतर) को समायोजित कर लेती हैं। जरुरी नहीं हैं की पिक्चर में बहुत बड़ा परिवर्तन हो, यह उस पिक्चर विशेष पर निर्भर करता हैं। ऑटो करेक्ट उपयोग करने के बाद यदि फोटो सही नहीं लगती है, तो आप ऑटो करेक्शन को पूर्ववत (अनडू) कर सकते हैं। पिक्चर को ऑटो करेक्ट करने के लिए निम्नलिखित चरणों का उपयोग करे:

चरण 1: आप ऑटो करेक्ट करने के लिए इच्छित पिक्चर का चयन करें

चरण 2: पिक्चर मैनेजर के द्वारा की गयी अनुशंसा के मानों को देखने के लिए, **पिक्चर** मेनू में **ऑटो करेक्ट** क्लिक करें

चरण 3: ऑटो करेक्ट उपयोग करने के बाद यदि फोटो सही नहीं लगती है, तो आप ऑटो करेक्शन को पूर्ववत् (अनडू) करने के लिए एडिट मेनू मे अनडू क्लिक करें या कण्ट्रोल+जेड (Ctrl+Z) दबाएँ।

वैकल्पिक रूप से, इच्छित पिक्चर जिसे आप ऑटो करेक्ट करना चाहते हैं पर राइट क्लिक करें और फिर पॉपअप मेनू में **एडिट पिक्चर्स** पर क्लिक करें, फिर बाईं ओर दिखाई देने वाले एडिट पिक्चर मेनू मे **ऑटो करेक्ट** क्लिक करें या आप ऑटो करेक्ट शॉर्ट कट कमाण्ड कण्ट्रोल+क्यु (Ctrl+Q) का उपयोग कर सकते हैं।



## 5.4 ब्राइटनेस और कंट्रास्ट संवर्धन (एन्हांसमेंट)

ब्राइटनेस (चमक) दृश्य धारणा की विशेषता है, जहाँ एक स्रोत, प्रकाश को दर्शाता प्रतीत होता हैं। यह स्रोत के सापेक्ष एक प्रकाश स्रोत से ऊर्जा उत्पादन की मात्रा के रूप में भी जाना जाता हैं। इसके विपरीत अधिकतम और न्यूनतम पिक्सेल तीव्रता के बीच के अंतर को कंट्रास्ट कहते हैं। पिक्चर की ब्राइटनेस और कन्ट्रास्ट समायोजित करने के लिए निम्नलिखित चरणों का उपयोग करे:


चरण 1: ब्राइटनेस और कन्ट्रास्ट समायोजित करने के लिए इच्छित पिक्चर का चयन करें

चरण 2: **पिक्चर** मेनू में **ब्राइटनेस एंड कन्ट्रास्ट** क्लिक करें

चरण 3: स्क्रीन के दाईं ओर पर **ब्राइटनेस एंड कन्ट्रास्ट** लिंक क्लिक करें

चरण 4: चयनित पिक्चर के ब्राइटनेस स्तर को स्वचालित रूप से ठीक करने के लिए, **ऑटो ब्राइटनेस** बटन क्लिक करें (यह अक्सर अधिक सुधार बना देता है, अगर आपको परिणाम पसंद नहीं है तो आप हमेशा पूर्ववत् (अनडू) कर सकते हैं)

चरण 5: एडवांस सेटिंग मे, जहा माइलस्टोन, हाईलाइट, और शैडो विकल्प दिखाई देते हैं, आप उन्हें आवश्यकतानुसार मैन्युअल रूप से समायोजित कर सकते हैं







## 5.5 रंग संवर्धन

रंग (कलर) एन्हांसमेंट (संवर्धन) पिक्चर में रंगों की संतृप्ति सीमा बढ़ता है। आप स्वचालित रूप से चयनित पिक्चरों के रंग को संतुलित करने के लिए, स्क्रीन के दाएँ हाथ पक्ष में स्थित **एन्हांस कलर** बटन से कर सकते हैं। आप ह्यु और सैचुरैशन सेटिंग्स का उपयोग करके भी अमाउंट, ह्यु और सैचुरैशन सेट कर सकते हैं।

पिक्चर के रंग को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित चरणों का उपयोग करें:

चरण 1: कलर एन्हांसमेंट करने के लिए इच्छित पिक्चर का चयन करें


चरण 2: **पिक्चर** मेनू में **कलर** क्लिक करें

चरण 3: स्क्रीन के दाईं ओर **कलर** लिंक क्लिक करें

चरण 4: **एन्हांस कलर** बटन क्लिक करें, फिर पिक्चर के अंदर उस क्षेत्र पर क्लिक करें जो सफेद होना चाहिए (सॉफ्टवेयर स्वचालित रूप से रंग संतुलन समायोजित करेगा)

चरण 5: उसके बाद, यदि आप चाहते हैं तो, आप समायोजन को फाइन–ट्यून कर सकते हैं:

- सुधार को एक डिग्री तक समायोजित करने के लिए, आप **अमाउंट** स्लाइडर का उपयोग करें
- पिक्चर में समग्र रंग पूर्वाग्रह को टिंट करने के लिए, **ह्यु** स्लाइडर का उपयोग करें
- पूरी पिक्चर की रंग गहनता में वृद्धि या कमी करने के लिए, **सैचुरैशन** स्लाइडर का उपयोग करें







## 5.6 क्रॉप सेटिंग्स

जब फोटो का संपादन करना हो तब क्रॉपिग एक आसान पर महत्वपूर्ण कदम हैं। ट्रिम करने और अवांछित निकालने के लिए, फ्रेमिंग इम्प्रूव करने के लिए, सब्जेक्ट मैटर को अधिक सुस्पष्ट (अक्सनटूएट) करने के लिए, और आस्पेक्ट रेश्यो बदलने के लिए आप क्रॉपिग टूल्स का उपयोग कर सकते हैं। क्रॉप सेटिंग को पिक्चर पर लागू करने के लिए निम्नलिखित चरणों का उपयोग करे:

चरण 1: क्रॉप करने के लिए इच्छित पिक्चर का चयन करें

चरण 2: **पिक्चर** टैब मे **क्रॉप** क्लिक करें


चरण 3: स्क्रीन के दाईं ओर **क्रॉप** लिंक क्लिक करें

चरण 4: पिक्चर के चारों ओर किनारें और कोनें दिखाई देंगे, अब आप पिक्चर को चाहे गए डाइमेंशन्स मे बदलने के लिए इन क्रॉपिग हैंडलस् को खींचें


- अनुपात बनाए रखने के लिए कोनों से समायोजित करें
- अनुपात बदलने के लिए साइड (पक्षों) से समायोजित करें
- क्रॉप बॉक्स को मूव करने के लिए पिक्चर को अंदर से खींचें

- यदि आप एक मानक आस्पेक्ट रेश्यो जैसे 4X6, या 5X7, मे क्रॉप करना चाहते हैं, तो क्रॉप सेटिंग्स के अंतर्गत, आस्पेक्ट रेश्यो ड्रॉप–डाउन मेनू से चयन करें

चरण 5: जब आप अपने चयन के साथ संतुष्ट हों, ओके क्लिक करें






## 5.7 रोटेट और फ्लिप सेटिंग्स


रोटेशन के रूप में तीन विकल्प हैं: **रोटेट लेफ्ट, रोटेट राईट**, और रोटेट **बाई डिग्री**। आप इन विकल्पो पर क्लिक करके आवश्यकतानुसार कई बार रोटेशन प्राप्त कर सकते हैं। पिक्चर की दिशा में परिवर्तन करने के लिए फ्लिप विकल्प का उपयोग किया जाता है। फ्लिप (पलटना) के रूप में दो विकल्प हैं: **फ्लिप हॉरिजॉन्टल** और **फ्लिप वर्टीकल**। पिक्चर पर रोटेट (घुमाना) और फ्लिप सेटिंग लागू करने के लिए निम्नलिखित चरणों का उपयोग करे:


चरण 1: रोटेट और फ्लिप करने के लिए इच्छित पिक्चर का चयन करें

चरण 2: **पिक्चर** मेनू में **रोटेट एड फ्लिप** क्लिक करें

चरण 3: निम्न में से एक करे:

- पिक्चर को घुमाने के लिए, **रोटेट लेफ्ट** या **रोटेट राईट** आवश्यकतानुसार क्लिक करें (यदि आप इस विकल्प को एक से अधिक बार क्लिक करते हैं तो, पिक्चर का एक ही दिशा में घुमना जारी रहेगा)
- पिक्चर को दांईं ओर घुमाने के लिए, **बाई डिग्री** बॉक्स में ऊपर वाले तीर को क्लिक करें, पिक्चर को बाईं ओर घुमाने के लिए, **बाई डिग्री** बॉक्स में नीचे वाले तीर को क्लिक करें, पिक्चर को विशिष्ट संख्या डिग्री के द्वारा घुमाने के लिए, आप **बाई डिग्री** बॉक्स में एक मान भी टाइप कर सकते हैं
- पिक्चर को फ्लिप करने के लिए, **फ्लिप हॉरिजॉन्टल** और **फ्लिप वर्टीकल** को आवश्यकतानुसार क्लिक करें




## 5.8 रीसाइज सेटिंग्स

आप आम तौर पर किसी पिक्चर को वेब पेज पर अपलोड करने मे या इसे ईमेल करने मे या अपने डिजिटल कैमरा से पिक्चर का उपयोग करते समय, एक समस्या का सामना करते हैं, जो कि उस पिक्चर का आकार होता हैं। इसे प्रस्तुतियो और दस्तावेजो में अनुलग्न करने के दौरान, अक्सर इसका भौतिक आकार और डाइमेंशन बहुत बड़ा होता हैं। अपने प्रस्तुतियाँ और दस्तावेज के समग्र आकार को प्रबंधनीय बनाये रखने के लिए, आप अपनी पिक्चरों का आकार बदल सकते हैं और इन्हे संपीड़ित कर सकते हैं। पिक्चर का आकार बदलने के लिए निम्नलिखित चरणों का उपयोग करे:

चरण 1: आकार बदलनें के लिए इच्छित पिक्चर का चयन करें

चरण 2: **पिक्चर** मेनू में **रीसाइज** क्लिक करें

चरण 3: स्क्रीन के दाईं ओर पर, **चेंज पिक्चर साइज** के अंतर्गत, **रीसाइज** क्लिक करें (रीसाइज टास्क पैन के निचले भाग पर साइज सेटिंग सारांश आपको नए और मूल आकार की तुलना करने देता है)


चरण 4: एक विधि का चयन करें (मूल आकार के अलावा) और सेटिंग्स बनाएँ:


- **प्रिडिफाइन्ड विड्थ एक्स हाइट** मेनू विशिष्ट आकार प्रदान करता हैं, जैसे वेब पर या दस्तावेजों में मुद्रण के लिए पाये जाते है

**डाक्यूमेंट्स**: 1024 x 768 पिक्सल मे फिट बैठता हैं, जोकि एक पिक्चर को एक वर्ड डाक्यूमेंट या पीपीटी प्रस्तुति के भीतर रखने के लिए सबसे अच्छा हैं
**वेब पेजेज**: वेब पृष्ठों पर या ई–मेल में, संपीड़ित करके जल्दी से लोड करने के लिए, 448 x 336 पिक्सेल के भीतर ऑन–स्क्रीन प्रदर्शन मे फिट बैठता हैं
**ई–मेल मैसेजैज**: थम्बनेल प्रदर्शन के लिए 160 x 160 पिक्सेल के भीतर फिट बैठता है, तेजी से लोड करने और छोटे फाइल आकार के लिए सबसे अच्छा हैं

- **कस्टम विड्थ एक्स हाइट** पिक्सेल डाइमेंशन्स दर्ज करने देती हैं (सिर्फ नई ऊँचाई या चौड़ाई दर्ज करें, आस्पेक्ट रेश्यो संरक्षित रहेगा, जैसा कि रीसाइज टास्क पैन के निचले भाग पर साइज सेटिंग सारांश मे दिखाई देता हैं)
- **परसेंटेज ऑफ ओरिजिनल** पिक्चर को प्रतिशत से स्केल करता है

चरण 5: आप एक बार नए डाइमेंशन्स दर्ज करने के बाद, पिक्चर का आकार बदलने के लिए **ओके** क्लिक करें




## 5.9 कंप्रेस सेटिंग्स

कंप्रेस पिक्चर, पिक्चर के आकार को, पिक्चर की गुणवत्ता एक अस्वीकार्य स्तर तक कम किये बिना ग्राफिक्स फाइल की बाइट्स में कम करने के लिए उपयोग किया जाता है। कंप्रेस पिक्चर कमाण्ड, पिक्चर को एक अंतर्निहित मानक आकारों के साथ रीसाइज करती है, और पिक्चर डेटा को कंप्रेस करती है ताकि यह डिस्क पर कम स्थान ले। पिक्चर को कंप्रेस करने के लिए निम्नलिखित चरणों का उपयोग करे:

चरण 1: कंप्रेस करने के लिए इच्छित पिक्चर का चयन करें


चरण 2: **पिक्चर** मेनू में **कंप्रेस पिक्चर** क्लिक करें

चरण 3: स्क्रीन के दाईं ओर **कंप्रेस पिक्चर** के अंतर्गत, **कंप्रेस फॉर** पर क्लिक करें
(रीसाइज टास्क पैन के निचले भाग पर साइज सेटिंग सारांश आपको नए और मूल आकार की तुलना करने देता है)

चरण 4: **कंप्रेस फॉर** के लिए विकल्पो का चयन करें:

- **डोंट कंप्रेस:** पिक्चर को उसी आकार मे रखने के लिए
- **डाक्यूमेंट्स:** 1024 x 768 पिक्सल मे फिट बैठता हैं, जोकि एक पिक्चर को एक वर्ड डाक्यूमेंट या पीपीटी प्रस्तुति के भीतर रखने के लिए सबसे अच्छा हैं
- **वेब पेजेज:** वेब पृष्ठों पर या ई–मेल में, संपीड़ित करके जल्दी से लोड करने के लिए, 448 x 336 पिक्सेल के भीतर ऑन–स्क्रीन प्रदर्शन मे फिट बैठता हैं
- **ई–मेल मैसेजैज:** थम्बनेल प्रदर्शन के लिए 160 x 160 पिक्सेल के भीतर फिट बैठता है, तेजी से लोड करने और छोटे फाइल आकार के लिए सबसे अच्छा हैं

चरण 5: आप एक बार नए डाइमेंशन्स दर्ज करने के बाद, पिक्चर का आकार बदलने के लिए **ओके** क्लिक करें







## महत्वपूर्ण बिंदु:

- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पिक्चर मैनेजर से आप आसानी से अपने फोटो को ब्राउज/व्यवस्थित, क्राप, आकार बदलना, घुमाना, फ्लिप, पिक्चर को विभिन्न प्रारूपों के

बीच कन्वर्ट, रंग परिवर्तन, ब्राइटनेस, ह्यु, कंट्रासट, और सैचुरैशन सहित आटोमेटिक एड्जस्टमेंट्स कर सकते हैं।

- पिक्चर मैनेजर की ऑटो करेक्ट सुविधा स्वचालित रूप से रंग, ब्राइटनेस (समग्र पिक्चर की लाइटनेस/डार्कनेस) और कंट्रासट (पिक्चर में लाइट्स और डार्क्स के बीच अंतर) को समायोजित कर लेती हैं।
- पिक्चर की प्रॉपर्टीज मे उसका प्रकार, डाइमेंशन्स, आकार, समय जब बनाई गई हैं और अंतिम संशोधित समय, स्थान आदि शामिल होते हैं।
- ब्राइटनेस दृश्य धारणा की विशेषता है, जहाँ एक स्रोत, प्रकाश को दर्शाता प्रतीत होता हैं।
- कलर एन्हांसमेंट पिक्चर में रंगों की संतृप्ति सीमा बढ़ता है।
- ट्रिम करने और अवांछित निकालने के लिए, फेमिंग इम्प्रूव करने के लिए, सब्जेक्ट मैटर को अक्सनटूएट करने के लिए, और आस्पेक्ट रेश्यो बदलने के लिए आप क्रॉपिग टूल्स का उपयोग कर सकते हैं।
- रोटेशन के रूप में तीन विकल्प हैं: रोटेट लेफ्ट, रोटेट राईट, और रोटेट बाई डिग्री।
- पिक्चर की दिशा में परिवर्तन करने के लिए फ्लिप विकल्प का उपयोग किया जाता है।
- फ्लिप के रूप में दो विकल्प हैं: फ्लिप हॉरिजॉन्टल और फ्लिप वर्टीकल।

## अभ्यासार्थ प्रश्न

### वस्तुनिष्ठ प्रश्नः

**प्रश्न** 1. कंप्रेस सेटिंग्स में जो एक विकल्प नहीं हैं?
अ. डाक्यूमेंट्स ब. वेब पेजेज
स. ओरिजिनल साइज द. ई–मेल मेसेजस्

**प्रश्न** 2. एमएस पिक्चर मैनेजर के फ्लिप सेटिंग में कितने विकल्प होते है?
अ. 7 ब. 2 स. 4 द. 8

**प्रश्न** 3. एमएस पिक्चर मैनेजर के रोटेशन सेटिंग में कौनसा विकल्प उपलब्ध नहीं है?
अ. रोटेट लेफ्ट ब. रोटेट राईट
स. बाई डिग्री द. बाई एंगल

**प्रश्न** 4. फ्लिप विकल्प क्या करता हैं
अ. पिक्चर की दिशा बदलता है ब. पिक्चर का आकार बदलता है
स. तस्वीर का पूरा आकार परिवर्तन करता हैं द. पिक्चर का भौतिक आकार परिवर्तन करता हैं

**प्रश्न** 5. ऑटो–करेक्ट शॉर्टकट कमांड है
अ. कण्ट्रोल + सी ब. कण्ट्रोल + क्यु
स. कण्ट्रोल + के द. कण्ट्रोल + ऐ

### अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नः

**प्रश्न** 1. किसी पिक्चर का कन्ट्रास्ट क्या है?
**प्रश्न** 2. पिक्चर ब्राइटनेस से आप क्या समझते हैं?
**प्रश्न** 3. हम फ्लिप विकल्प का उपयोग क्यों करते हैं?

**प्रश्न** 4. कलर एनहांसमेंट क्या करता है?
**प्रश्न** 5. पिक्चर मैनेजर का ऑटो–करेक्ट फिचर क्या करता है?

## लघूत्तरात्मक प्रश्नः

**प्रश्न** 1. माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पिक्चर मैनेजर का क्या उपयोग हैं?
**प्रश्न** 2. आप एमएस पिक्चर मैनेजर में ह्यु स्लाइडर को क्यों उपयोग करते हैं?
**प्रश्न** 3. आप एमएस पिक्चर मैनेजर में एक पिक्चर कैसे खोलते हैं?
**प्रश्न** 4. पिक्चर की प्रॉपर्टीज क्या होती हैं? आप पिक्चर मैनेजर में पिक्चर की प्रॉपर्टीज का कैसे पता कर सकते हैं?
**प्रश्न** 5. हम एमएस पिक्चर मैनेजर में रीसाइज सेटिंग का उपयोग क्यों करते हैं?

## निबंधात्मक प्रश्नः

**प्रश्न** 1. पिक्चर मैनेजर के ऑटो–करेक्ट फीचर को समझाए।
**प्रश्न** 2. आप एमएस पिक्चर मैनेजर में पिक्चर की ब्राइटनेस और कन्ट्रास्ट में वृद्धि कैसे कर सकते हैं?
**प्रश्न** 3. कलर एन्हांसमेंट को विस्तार में समझाए।
**प्रश्न** 4. क्रॉप सेटिंग क्या होती है? क्रॉप सेटिंग्स की जरूरत समझाए।
**प्रश्न** 5. रोटेट और फ्लिप सेटिंगस् का उद्देश्य समझाए।
**प्रश्न** 6. हम कंप्रेस सेटिंग्स का उपयोग क्यों करते हैं? एक पिक्चर को कंप्रेस करने के लिए चरण लिखे।

## उत्तरमाला

**उत्तर** 1: स
**उत्तर** 2: ब
**उत्तर** 3: द
**उत्तर** 4: अ
**उत्तर** 5: ब